## पेज 83

**प्रश्न 1:**

प्रयोग द्वारा आप ऐल्कोहॉल एवं कार्बोक्सिलिक अम्ल में कैसे अंतर कर सकते हैं?

**उत्तर 1:**

जब हम एल्कोहल तथा कार्बोक्सिलिक अम्ल दोनों में सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट डालते है, तब एल्कोहल सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया नहीं करता है जबकि कार्बोक्सिलिक अम्ल सोडियम हाइड्रोजन से अभिक्रिया करके $CO_2$ गैस निकलता है, जो चुने के पानी को दूधिया कर देती है।

**प्रश्न 2:**

ऑक्सीकारक क्या है?

**उत्तर 2:**

वे पदार्थ जो दूसरे पदार्थो को ऑक्सीजन देने का कार्य करते है तथा किसी दूसरे परमाणु से इलैक्ट्रोन ग्रहण करते हैं, उसे ऑक्सीकारक कहते है । जैसे – अल्कलाइन पोटाशियम परमेंगनेट और अम्लीय पोटाशियम डाइक्रोमेट।